तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 2 सितंबर 2026

09 तीन शिक्षकों को मिला आचार्य शिरोमणि...



08 उत्कृष्ट खिलाड़ियों और मल्लखम्ब के पदक...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

जन्माष्टमी 4 सितंबर को, रोहिणी नक्षत्र व शुभ योगों का दुर्लभ संयोग

खरोरा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी इस बार 4 सितंबर को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि के साथ रोहिणी नक्षत्र, हर्षण योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है। इसे कई दशकों बाद बनने वाला दुर्लभ संयोग बताया जा रहा है। मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय भी भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में चंद्रमा की स्थिति थी। इसी कारण जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र के संयोग को विशेष शुभ माना जाता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मध्यरात्रि पूजा का शुभ समय 4 सितंबर रात 11.57 बजे से 5 सितंबर रात 12.43 बजे तक रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान बाल गोपाल की पूजा-अर्चना, मंत्र जाप और संकल्प कर सकेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार अष्टमी तिथि 4 सितंबर रात 2.25 बजे प्रारंभ होगी और 5 सितंबर रात 12.13 बजे समाप्त होगी। इसलिए जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को ही मनाया जाएगा। पर्व को लेकर खरोरा में उत्साह है। कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

मूसलाधार बारिश से नाला उफान पर, धमनी बंगला का मार्ग अवरुद्ध



पलारी। गत रात्री से हो रही लगातार बारिश से पर्यटन स्थल धमनी बंगला जाने का रास्ता में पड़ने वाला नाला तेज बहाव के साथ उफान पर होने के कारण धमनी बंगला मार्ग अवरुद्ध हो गया। दूसरा रास्ता जोराडबरी से धमनी पहुंच मार्ग के धमनी बंगला से पहले 1 किलोमीटर पहले सड़क मध्य पुलिया भी बाधित रहा है। वर्तमानकाल मे धमनी बंगला पहुंच मार्ग दोनों तरफ से अवरुद्ध बना हुआ है। बारिश के मौसम में धमनी जंगल और भी सुहाना हो जाता तथा बेहद सरल एवम आसान जगह होने से लोग यहां आना पसंद करते हैं। लेकिन वर्तमान में रास्ते में पड़ने वाला नाला उफान पर रहने से पर्यटकों में निराशा है, वहीं बारिश के मौसम में अक्सर धमनी बंगला पहुंच मार्ग बाधित होता रहा है तब मोबाइल से ही धमनी बंगला चौकीदार से सम्पर्क हो पाता है या फिर उपर 2 किलो मीटर जंगल किचड भरे रास्ता से होकर धमनी बंगला पहुंचना पड़ता है।

बाजार में छोटे नोटों की किल्लत, 5, 10 और 20 रुपए के लिए वसूला जा रहा बट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा के बाजार में 5, 10, 20 और 50 के नोटों की किल्लत से व्यापारी खासे परेशान हैं। 5, 10 और 20 के नोट तो बाजार से लगभग पूरी तरह गायब हो गए हैं। बैंकों से भी छोटे नोट और सिक्के नियमित रूप से नहीं मिलने के कारण व्यापारियों के सामने रोजमर्रा के लेनदेन में परेशानी खड़ी हो रही है। वहीं, छोटे नोटों की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग इन्हें बट्टे पर यानी अतिरिक्त रकम लेकर बाजार में उपलब्ध करा रहे हैं। व्यापारियों के मुताबिक वर्तमान समय में अधिकांश लोग छोटे-बड़े भुगतान मोबाइल के माध्यम से कर रहे हैं। ग्राहक 5 या 10 जैसी छोटी रकम का भुगतान भी ऑनलाइन कर देते हैं। दुकानदार डिजिटल भुगतान स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन जब ग्राहक सामान खरीदने पहुंचते हैं तो कई बार 100 या 500 का नोट देकर बाकी रकम नकद में मांगते हैं। ऐसे में छोटे नोटों की कमी के कारण दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

व्यापारियों का कहना है कि जो लोग नगद लेनदेन के जरिए घूम-घूमकर सामान बेचते हैं अथवा जिन दुकानों पर अधिक मात्रा में चिल्लर आती है, उनके पास छोटे नोट और सिक्के अपेक्षाकृत आसानी से पहुंच जाते हैं। यही लोग बाद में इन छोटे नोटों और सिक्कों को बट्टे पर बाजार में बेच रहे हैं। इससे 5, 10 और 20 के नोटों का भी बट्टे पर लेनदेन होने लगा है।

घूम-घूमकर सामान बेचने वालों के पास आसानी से पहुंच रहे छोटे नोट



5 और 10 के सिक्कों पर 4 से 5 रुपए तक बट्टा

थोक किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुंदर दास पंजवानी ने बताया कि पहले बैंकों द्वारा कई बार व्यापारियों को 5, 10 और 20 के सिक्के लेने के लिए दिए जाते थे। वहीं, छोटे नोट लेने में बैंक कर्मचारी भी कई बार आनाकानी करते थे। अब स्थिति यह है कि बैंकों से छोटे नोट या सिक्के नियमित रूप से नहीं मिल पा रहे हैं। कभी-कभार ही बैंक की ओर से छोटे मूल्य के नोट या सिक्के उपलब्ध कराए जाते हैं। व्यापारियों के अनुसार 5 और 10 के सिक्कों पर 4 से 5 रुपए तक बट्टा लिया जा रहा है। 10, 20 और 50 के नोटों पर भी बट्टे का कारोबार चल रहा है। 50 के नोट पर बट्टा अपेक्षाकृत कम है, लेकिन छोटे नोटों को बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराने वाले लोग 1000 के नोटों पर भी करीब 2 प्रतिशत तक बट्टा वसूल रहे हैं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

एनएच-130बी चौड़ीकरण के सर्वे में तेजी व बारिश से नुकसान का तत्काल दें मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए एनएच-130बी के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए चल रहे सर्वे और भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। खरतोरा से सड़क के दोनों ओर भूमि का सर्वे 15 सितंबर तक पूरा करने को कहा गया है। चौड़ीकरण के लिए शहरी क्षेत्र में 24 मीटर, ग्रामीण क्षेत्र में 30 मीटर तथा बायपास रोड और ओवरब्रिज के लिए 45 मीटर चौड़ाई में भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से सड़क किनारे रहने वाले लोगों को नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ भी नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, सड़क निर्माण क्षेत्र में आने वाली निजी भूमि का नियमानुसार अधिग्रहण किया जाएगा तथा संबंधित भू-स्वामियों को नए शासकीय दरों के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर ने एनएच के किनारे अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो और सर्वे तथा अन्य प्रक्रियाएं निर्धारित समय में पूरी की जाएं।

सड़क किनारे अवैध निर्माण पर नोटिस



बारिश से हुए नुकसान का शीघ्र मिले मुआवजा

बैठक में कलेक्टर ने लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में मकान एवं अन्य परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का आरबीसी 6(4) के तहत तत्काल आकलन कर प्रकरण तैयार करने और पात्र प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा भुगतान के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा में बताया गया कि तीन माह में करीब 3 करोड़ 76 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे को पारदर्शिता के साथ समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही सुपोषित बचपन अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच सहित ई-ऑफिस, सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण और अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गोपाला डेयरी से पनीर-दही के सैंपल जब्त, बिना लाइसेंस संचालन पर कराया बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रतिषेध आदेश के परिपालन में जिला बलौदाबाजार में डेयरी एनालॉग के विरुद्ध कलेक्टर कुलदीप शर्मा निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा बलौदाबाजार स्थित गोपाला डेयरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार सम्बंधित आवश्यक दास्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर संचालन बंद कराया गया।

निरीक्षण के दौरान गोपाला डेयरी में उपलब्ध पनीर और दही की गुणवत्ता पर डेयरी एनालॉग होने का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से पनीर एवं दही का वैधानिक नमूना (सेंपल) जब्त किया गया। इन नमूनों को विस्तृत रासायनिक विश्लेषण के लिए तत्काल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की दंडात्मक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जांच के दौरान जब फर्म के संचालक से खाद्य कारोवार से जुड़े वैधानिक दस्तावेज मांगे गए, तो मौके पर कोई भी वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं विल्या गया।इसे खाद्य ⏭ शेष पेज 09 पर

अस्पताल के सामने विवाद कर शांति भंग करने पर 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस लगातार पेट्रोलिंग और कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थान पर वाद-विवाद कर शांति भंग करने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, शासकीय अस्पताल के सामने मेन रोड, तिल्दा में दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे लोगों को समझाइश देकर शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि पूछताछ के दौरान संबंधित लोग फिर से आक्रोशित होकर मारपीट एवं शांति भंग करने पर उतारू हो गए। पुलिस द्वारा कई बार समझाइश ⏭ शेष पेज 09 पर

17 किलो गांजा के साथ पकड़े गए ओडिशा के तस्कर को 7 साल की जेल

भाटापारा। विशेष न्यायाधीश बलौदाबाजार संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय ने भाटापारा शहर पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना व साक्ष्यों के आधार पर गांजा तस्करी के आरोपी शिबा रायता को 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। 8 जून को शहर थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक कुलमणी बारीक को मुखबिर से गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा से जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए मादक पदार्थ गांजा लेकर अंतरराज्यीय तस्कर भाटापारा आ रहे हैं। पुलिस टीम ने स्टेशन रोड स्थित मस्जिद व हनुमान मंदिर अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की। पुलिस की मुस्तैदी देख तस्करों में भगदड़ मच गई, लेकिन मुस्तैद जवानों ने दौड़ाकर मुख्य आरोपी शिबा रायता को ट्रॉली सूटकेस व बैग सहित मौके पर ही धर दबोचा। आरोपी शिबा रायता पिता प्रताप रायता, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम भालीपंक, पंचायत चांदीपुट, थाना मोहना, जिला गजपति (उड़ीसा) के कब्जे से भूरे रंग के सेलो टेप में लपेटा हुआ 17.060 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया के गवाहों के बयान एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट एकत्रित कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।



बंगोली-मुरा मार्ग जर्जर, गिट्टी लदे वाहनों से सड़क छलनी, जांच व मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम बंगोली से मुरा मार्ग, जो कि सीधे बस्ती से होकर गुजरता है, लोक निर्माण विभाग की यह पक्की सड़क लंबे समय से बदहाली की मार झेल रही है। सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों से पूरी तरह उखड़ चुकी है और पूरी सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। इस जर्जर मार्ग के कारण ग्रामीणों को न केवल रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। सड़क की इस दुर्दशा का मुख्य कारण बस्ती के भीतर से होकर गुजरने वाले गिट्टी लदे भारी वाहन हैं। ग्रामीणों के अनुसार, रोजाना 30 से लेकर 40 टन तक क्षमता वाले भारी ओवरलोडेड वाहन इस मार्ग से गुजर रहे हैं। ⏭

उखड़े डामर से राहगीरों व स्कूली बच्चों को हादसे का खतरा



स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए बना खतरा

सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों और उखड़े डामर के कारण दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को सबसे अधिक खतरा बना रहता है। बारिश के दौरान इन गड्ढों में जलभराव हो जाने से चालकों को गड्ढों का सही अंदाजा नहीं मिलता, जिससे स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई और भारी वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

महिलाएं सगरी बनाकर आज करेंगी शिव-पार्वती व बलराम जी की पूजा

हलषष्ठी आज, 120 रुपये किलो में बिक रहा पसहर चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला हलषष्ठी (कमरछठ) व्रत बुधवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बाजार में पूजन सामग्री की बिक्री शुरू हो गई है। विशेष रूप से पसहर चावल की मांग बढ़ी है। बाजार में इसकी कीमत करीब 120 रुपए किलो और 20 से 30 रुपए गिलास तक बताई जा रही है। हलषष्ठी पर महिलाएं व्रत रखकर सगरी बनाकर भगवान शिव-पार्वती, गणेश और बलराम की पूजा-अर्चना करेंगी। पूजा में पसहर चावल, भैंस का दूध, दही, घी, बेलपत्र, कांशी, खमार, बांटी और भौरा सहित अन्य सामग्री अर्पित की जाएगी। पूजा के बाद पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोला जाएगा।



बलराम जयंती के रूप में भी मनेगा पर्व

मान्यता है कि पसहर चावल बिना हल चलाए खेतों की मेड़ों और अन्य स्थानों पर प्राकृतिक रूप से उगता है। इसी कारण हलषष्ठी के पर्व पर इसका विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। नगर के विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों पर महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर हलषष्ठी की कथा सुनेंगी। पर्व को लेकर पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं और खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। हलषष्ठी को भगवान बलराम की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर कई स्थानों पर बलराम-श्रीकृष्ण की पूजा, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन होंगे।

संतान के खुशहाली के लिए माताएं रखेंगी व्रत

पलारी। समूचे आंचल में 2 अगस्त बुधवार को शुभ मुहूर्त भाद्रपद कृष्ण पक्ष में महिलाएं पुत्र प्राप्ति एवं अपने संतान की खुशहाली की कामना लिए कमरछठ का व्रत रखेंगी। इसके लिए माताओं ने तैयारी कर ली है। नगर पुरोहित आचार्य राहुल जी महाराज ने बताया कि 09 से सायंकाल 05 बजे तक सूर्यास्त के पूर्व सगरी साफ विसर्जन हो जाना सर्वोत्तम है। हलषष्ठी पर्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य राहुल महाराज बताते है कि हलषष्ठी का अर्थ बलराम जी हल को धारण करने वाले हैं जिनके कारण हलधर भी कहा जाता है साथ ही षष्ठी तिथि में बलदाऊ जी का जन्मदिन पड़ने के कारण इस व्रत का नाम हलषष्ठी व्रत पड़ा हलषष्ठी व्रत को बलदाऊ भैया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया जाता है।उन्होंने आगे बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने नारद के द्वारा देवकी को कहि गई कथा को राजा युधिष्टिर से सुनाते हुए कहते हैं ,हे राजन जो कोई माताएं इस हलषष्ठी व्रत को करती है उनके संतान दीर्घायु होते हैं जिन्हें संतान न हो उन्हें संतान की प्राप्ति होती है पुत्र से संबंधित समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं पूजा में भैस का दूध, दही, घी, लाई, महुवा, कासी, आमपत्र, पसहर चावल, पुष्प, दूर्वा, रोली, गुलाल, चन्दन, अगरबत्ती, ऋतुफल नारियल, छ प्रकार की सुहाग सामग्री, छ प्रकार की खिलौने (बाटी, भोरा, गिल्ली, फुग्गा, चरखी, गाड़ी), छ प्रकार की भाजी, छ प्रकार के अनाज(चना, तुवर, मटर, लाई, अरहर, महुवा) इत्यादि अनिवार्य है।



मकान और दुकान मालिक 7 दिनों में कराएं किरायेदारों का पुलिस सत्यापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

थाना खरोरा क्षेत्र के समस्त मकान मालिकों, दुकान मालिकों एवं परिसर स्वामियों को सूचित किया गया है कि जिन्होंने अपना मकान, दुकान, फ्लैट, गोदाम अथवा अन्य कोई परिसर किराए पर दे रखा है, वे अपने किरायेदार की संपूर्ण जानकारी अनिवार्य रूप से थाना खरोरा में जमा करें। पुलिस द्वारा किरायेदारों के सत्यापन की प्रक्रिया के तहत निम्न दस्तावेज एवं जानकारी प्रस्तुत करना आवश्यक है। किरायेदार के आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र की छायाप्रति। किरायेदार के 02 पासपोर्ट साइज फोटो। किरायेदार का मोबाइल नंबर एवं स्थायी पता। किरायानामा ⏭ शेष पेज 09 पर

- खरोरा पुलिस की सख्त हिदायत, वरना होगी कानूनी कार्रवाई

धौरामाठा में 15 साल पुराना जमीन विवाद खत्म, कोर्ट ने खारिज किया वादी का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम धौरामाठा के ग्रामीणों की करीब 15 वर्षों से चली आ रही जमीन की कानूनी लड़ाई में आखिरकार उन्हें बड़ी राहत मिली है। व्यवहार वाद क्रमांक 55-ए/2021 में न्यायालय ने वादीगण के दावे को साक्ष्यों के आधार पर प्रमाणित नहीं मानते हुए वाद खारिज करने का आदेश दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जिस जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, उस पर अब उनके पक्ष को मजबूती मिली है। न्यायालय के आदेश में प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के दौरान खसरा नंबर 273 से संबंधित पुराने राजस्व अभिलेखों का उल्लेख किया गया है। आदेश के अनुसार, मौजा धौरामाठा, तहसील पलारी की भूमि के संबंध में वर्ष 1936-37 की चकबंदी मिसल बंदोबस्त की सत्यप्रतिलिपि प्रस्तुत की गई थी। इसमें खसरा नंबर 273 की भूमि को बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज होना बताया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि इस भूमि का कुछ हिस्सा बाद में ग्रामवासियों को शासन द्वारा पट्टे पर दिए जाने की बात सामने आई। सुनवाई के दौरान वर्तमान राजस्व अभिलेखों में वादीगण का नाम दर्ज होने तथा भूमि पर कब्जे के संबंध में भी अलग-अलग दावे और दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

पुराने राजस्व रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच के बाद आया फैसला, ग्रामीणों में हर्ष

वादी के दावे के समर्थन में पंजीकृत दस्तावेज नहीं मिले

सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से यह दावा किया गया कि विवादित भूमि उन्हें स्वत्व के आधार पर प्राप्त हुई है। हालांकि न्यायालय के आदेश के अनुसार, वादीगण द्वारा अपने स्वत्व अर्जन के आधार को प्रमाणित करने वाला पंजीकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। आदेश में यह भी उल्लेख है कि गवाहों के प्रतिपरीक्षण के दौरान किसी प्रकार के पंजीकृत विक्रय पत्र अथवा पंजीकृत दानपत्र के आधार पर भूमि वादीगण के पक्ष में निष्पादित किए जाने की बात स्वीकार नहीं की गई। इसी तरह स्वत्व अर्जन से संबंधित अन्य दस्तावेज भी पर्याप्त रूप से प्रस्तुत नहीं किए गए।



केवल राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होना पर्याप्त नहीं

न्यायालय ने अपने आदेश में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज होने मात्र से किसी व्यक्ति का भूमि पर स्वत्व अथवा मालिकाना हक स्वतः प्रमाणित नहीं होता। स्वत्व अर्जन के लिए कानून में निर्धारित आधार और उसके समर्थन में वैध दस्तावेज आवश्यक हैं।

खबर संक्षेप

हेमंत वर्मा निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से हेमंत वर्मा निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित जिला



उपाध्यक्ष पद पर उनके अलावा किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के बाद हेमंत वर्मा ने कहा कि जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी उनके लिए केवल पद नहीं, बल्कि संगठन और युवाओं के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने युवाओं से जुड़े रोजगार, शिक्षा, सामाजिक सरोकार और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की बात कही। साथ ही युवा कांग्रेस को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया।

राज्यपाल को पीएससी अध्यक्ष ने सौंपा वार्षिक प्रतिवेदन



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से सोमवार को लोकभवन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का 25वां वार्षिक प्रतिवेदन श्री डेका को सौंपा। इस अवसर पर राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा, डॉ. सरिता उइके, संतकुमार नेताम, डी. राहुल वेंकट, चंद्र कुमार अजगले, एच एल ध्रुव एवं लीना कोसम उपस्थित थीं।

जीरामजी-पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा



रायपुर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभा कक्ष में सोमवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने रायपुर संभाग में संचालित विकसित भारत-जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त श्याम धावड़े ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विकसित भारत-जी राम जी अंतर्गत जुलाई एवं अगस्त माह में सृजित मानव दिवस तथा गत वित्तीय वर्ष की तुलना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 90 मानव दिवस रोजगार, सिक्योर पोर्टल के माध्यम से कार्यों की स्वीकृति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्य स्वीकृति, बालिका शौचालय, मुक्तिधाम , महात्मा गांधी नरेगा के अपूर्ण कार्यों की पूर्णता, एसएनए-स्पर्श के माध्यम से भुगतान, पौधरोपण, वर्षा उपरांत श्रममूलक कार्यों की स्वीकृति एवं मानव दिवस सृजन की कार्ययोजना, एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति, लंबित ई-केवायसी, शून्य प्रविष्टि वाले मस्टर रोल तथा युक्तधारा में प्लान किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

लंबित मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक साव सिमगा थाना में धरने पर बैठे

जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी धरना जारी रहेगा : विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

थाने में लंबित मामलों में कार्यवाही नहीं होने का आरोप लगाते हुए भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने सोमवार को पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आज मंगलवार शाम 5 बजे क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों के साथ थाना सिमगा पहुंचे जहां उन्होंने थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे से मामले अब तक कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी जताया। वहीं एसडीओपी तारेस साहू द्वारा विधायक से पांच दिन का समय मांगा गया। जिस पर विधायक साव नाराज हो थाना परिसर में धरने पर बैठ गए । उनके साथ धरने में पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों एवं साहू समाज के बड़ी संख्या में लोग



उपस्थित थे। बताया जाता है कि थाना में आवेदन दिए हुए चार माह से अधिक हो गया है। फिर भी आरोपियों के विरुद्ध अब तक अपराध दर्ज नहीं हुआ है। मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम चंदियापथरा निवासी रीना साहू पति हीरालाल साहू उम्र 28 वर्ष के साथ 22 अप्रैल की रात 8 बजें धनराज गिधौड़े अपने भाई ईश्वर गिधौड़ै के साथ फावड़ा लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट किया । साथ ही दोनों ने प्रार्थीया के साड़ी ब्लाउज फाड़कर बेइज्जती करने का प्रयास किया गया है। प्रार्थिया के चिल्लाने पर पड़ोसियों ने उसे बचाया। घटना की सूचना आवेदन के रूप में थाना में सिमगा में दी जा चूकी है। वहीं दूसरी घटना में प्रार्थी हीरालाल साहू पिता चैतूराम साहू ग्राम चंदियापथरा के साथ भी गांव के ओम सेठिया द्वारा सामाजिक बहिष्कार करने एवं जान से मरवाने की धमकी देने की लगातार हरकतें की जा रही है। प्रार्थी ने बताया कि ऐसी हरकतें पिछले दस वर्षों से की जा रही है। जिसके चलते मुझे अपने तथा परिवार की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है।

सामाजिक बहिष्कार, धमकी और 70 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा

प्रार्थी ने बताया कि ओम सेठिया द्वारा गांव के 70 एकड़ सरकारी जमीन जिसमें खेल मैदान एवं चारागाह एवं सिलिंग की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई है। लेकिन उसके उपर कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। उक्त मामलों पर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनका धरना किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध न होकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से है। उन्होंने पुलिस विभाग पर आरोप लगाते हुए जांच में विलंब करने की बात कही उन्होंने आगे कहा कि दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर नहीं होने तक धरने पर बैठे रहेंगे। उक्त मामले पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने कहा कि मामलों की जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसमें मैं अभी एफ आई आर दर्ज नहीं कर सकता हूं।

शिक्षकों की कमी और अव्यवस्था से पालकों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों ने नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को समस्याओं का निराकरण करने संबंधी ज्ञापन सौंपा है। पालको ने बताया कि कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए गणित एवं हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित होने के कारण विद्यार्थियों को निजी ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए बच्चों की ट्यूशन करना कठिन हो रहा है। पालकों का कहना है कि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा विद्यार्थीयों के भविष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है यदि समय रहते शिक्षण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसका असर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है। इन समस्याओं को लेकर पालको द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को आज मंगलवार को लिखित आवेदन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है। आवेदन की प्रतिलिपि जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

विद्यालय में साफ सफाई पेयजल तथा नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित में संबंधित अधिकारियों द्वारा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किया जाए।

दिव्यांग शोभित को मिली बैटरी चलित ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम रावन निवासी शोभित राम वर्मा के लिए भी सीएम हेल्पलाइन उनकी समस्या के समाधान का जरिया बनी। पेशे से टेलर का काम करने वाले शोभित राम वर्मा को गांव के एक व्यक्ति से सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने हेल्पलाइन पर फोन कर अपनी समस्या दर्ज कराई और समस्या के



निराकरण के लिए आवेदन किया। उनकी शिकायत पर संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें समाज कल्याण विभाग के माध्यम से बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। समस्या का शीघ्र समाधान होने और बैटरी चलित ट्राइसाइकिल मिलने पर शोभित राम वर्मा काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान हुआ, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आत्मीयता से "विष्णु भैया" कहते हुए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है। सीएम हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का सशक्त माध्यम बन रही है।

इदवारा बैराज सर्वेक्षण के लिए 2.66 करोड़ मंजूर



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग ने बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ में सिंचाई सुविधाओं को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित इदवारा बैराज के सर्वेक्षण कार्य के लिए शासन द्वारा 2 करोड़ 66 लाख 70 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस सर्वेक्षण कार्य के पूरा होने से क्षेत्र में जल भंडारण क्षमता और सिंचाई रकबे का सही आकलन हो सकेगा। इस परियोजना के आगे बढ़ने से स्थानीय किसानों को खेती-किसानी के लिए पर्याप्त जल मिलेगा, जिससे बीजापुर जिले के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जीएनए कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन, रिजल्ट व प्रवेश की समस्याओं को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय जीएनए स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे छात्र, पंचम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा परिणाम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को विद्यार्थियों द्वारा छात्र आंदोलन किया गया। आंदोलन में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। विद्यार्थियों का कहना है कि वर्तमान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एटीकेटी क्रेडिट सिस्टम, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा परिणाम, आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थिति दर्शाए जाने, कम अंक एवं मूल्यांकन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं। छात्र आंदोलन के दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शिवरतन शर्मा महाविद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। विद्यार्थियों ने उनके समक्ष सहित परीक्षा एवं परिणाम से जुड़ी अपनी परेशानियां रखीं।



शिवरतन शर्मा जी ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित माध्यम से संबंधित अधिकारियों के समक्ष विषय रखने एवं जल्द निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। आंदोलन के दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा ने भी विद्यार्थियों के हित में सक्रिय पहल करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री से संवाद कर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया तथा इनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक चर्चा की।

विद्यार्थियों ने रखीं प्रमुख मांगें

एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। क्रेडित प्वाइंट एवं एटीकेटी से संबंधित नियमों को स्पष्ट रूप से विद्यार्थियों को समझाया जाए। पात्र विद्यार्थियों के पंचम सेमेस्टर प्रवेश की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को गलत तरीके से अबसेंट दर्शाए जाने के मामलों की जांच की जाए। आवश्यकता अनुसार उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच/री-टोटलिंग/पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था की जाए, परीक्षा एवं प्रवेश से संबंधित नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को समय पर एवं स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए। भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा एवं मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। आंदोलन में प्रमुख रूप से छात्र नेता राजीव मिरझा, हरीश लहरे, पुष्पेंद्र चक्रधारी, सुशांत नवरंगे, संस्कार सोनी, संजू मार्कंडे, देवसिंह ठाकुर एवं सौरभ राजपूत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। छात्र नेताओं ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का विरोध करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाकर उनका समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण समाधान कराना है, विद्यार्थियों की जायज समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी जाती रहेगी।

शासकीय सेवा में सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति की पात्रता से मिलेगा लाभ

उत्कृष्ट खिलाड़ियों और मल्लखम्ब के पदक विजेताओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माह अगस्त 2026 में प्रदेश के 156 खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया है। इनमें जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के 3 खिलाड़ी गौरव डहरिया (सॉफ्टबॉल), स्वर्गीय श्री दिलीप कुमार साहू (व्हीलचेयर फेंसिंग) तथा स्वाती साहू (कयाकिंग-कैनोइंग) शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बताया कि शासकीय सेवा में नियुक्ति करने की नीति, 2007 के प्रावधानों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न शासकीय विभाग में सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति पात्रता होगी। उन्होंने हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इसी अवसर पर 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, जांजगीर-चांपा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मल्लखम्ब खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 01 स्वर्ण, 02 रजत एवं 02 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनमे से 3 खिलाडी नेशनल के लिये भी चयनित हुए है। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जिले के लिए गौरव का विषय है।

सशिमं छात्रों का जिला स्तरीय खेलकूद में दबदबा



मुंडा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाहौद बलौदाबाजार के जिला स्तरीय खेल को भाटापारा के तरंगा में चल रहा था जिसमें 100 मीटर और 400 मीटर की लंबाई दौड़ और लंबी कूद में देवा साहनी प्रथम स्थान हासिल किया और गोला फेंक तवा फेंक में बलदेव साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया जिससे सरस्वती शिशु मंदिर शाला परिवार ने छात्र-छात्राओं के प्रथम स्थान आने पर हार्दिक बधाई एवं भविष्य की कामना किया।

खबर संक्षेप



मनोविकास केंद्र के विशेष बच्चों ने कलेक्टर को बांधा रक्षासूत्र

बलौदाबाजार। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर मनोविकास केन्द्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात की और उन्हें रक्षासूत्र बांधा। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किया गया स्नेह से भरा विशेष उपहार भी कलेक्टर को भेंट किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए उपहार की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों में खुशी और उत्साह देखने को मिला तथा उनके रचनात्मक कार्यों और प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला।कलेक्टर ने बच्चों के साथ आत्मीय पल बिताए और उनकी प्रतिभा व लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में असीम क्षमताएं हैं और इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व उचित अवसर प्रदान करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

साधु-संतों की कथाएं केवल सुनने के लिए नहीं, जीवन में उतारने के लिए हैं

रायपुर। आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत जिनकुशल जैन दादाबाड़ी में अध्यात्म सार ग्रंथ का पठन करते हुए साध्वी मंजुलाश्री ने सोमवार को कहा कि साधु-संतों द्वारा सुनाई जाने वाली कथा और प्रसंग केवल श्रवण के लिए नहीं होते। इनका उद्देश्य आध्यात्मिक और जीवन से जुड़ी गहरी बातों को सरल तरीके से समझाना होता है, ताकि व्यक्ति उन्हें आसानी से समझकर अपने जीवन में उतार सके। साध्वीश्री ने कहा कि धर्म की कई बातें सीधे समझना कठिन हो सकती हैं, इसलिए संत उदाहरण और कथाओं के माध्यम से जीवन की सच्चाई को सहज रूप में समझाते हैं।

निधन

तीज राम चतुर्वेदी



मुंडा। ग्राम ढनढनी निवासी पंडित तीज राम चतुर्वेदी 80 वर्ष का निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए। वे धरमू चतुर्वेदी के बड़े भैया थे।

आयोजन : पारंपरिक परिधानों में सजे लोगों ने गाजे-बाजे के साथ निकली रैली

भटगांव में मना आदिवासी दिवस, निकली शोभायात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भटगांव कृषि उपज मंडी परिसर में ब्लॉक एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

आदिवासी वेशभूषा, लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक संस्कृति ने पूरे आयोजन को आकर्षण का केंद्र बना दिया।विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नगर में भव्य रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों-हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला-पुरुष एवं बच्चों ने गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर आदिवासी गीतों एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति देते हुए नगर का भ्रमण किया। रैली मंडी परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, ओंकारेश्वर शरण सिंह राज महल बिलाईगढ़, युवराज शरण सिंह वन सभापति जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़ सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी गमछा भेंट कर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया।शहीदों की वीरगाथा को किया याद कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज के वीरों के योगदान को याद करते हुए उनकी वीरगाथाओं का वर्णन किया। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष से लेकर जंगल, जमीन और जल-जंगल-जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के वीरों द्वारा दी गई कुर्बानियों को स्मरण किया गया। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मंडी परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी। पारंपरिक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।समाज के पदाधिकारियों ने प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सड़क, मोबाइल नेटवर्क और वन पट्टे की उठी प्रमुख मांगें

सड़क, नेटवर्क और वन पट्टे की उठी मांग कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मीडिया टीम से चर्चा करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन के उद्देश्य और समाज की समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शासन प्रशासन से आदिवासी समाज के विकास के लिए विशेष पहल करने की मांग की मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा प्रदान करने तथा अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोलबहरा प्रसाद सिदार जिला संयोजक सर्व आदिवासी समाज सारंगढ़ बिलाईगढ एवं रोहित सिदार ब्लाक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बिलाईगढ ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, प्रवेश दुबे, रेवती रमा पटेल, लीलाधर वैष्णव, महादेवा यादव, कमलेश सिदार तहसीलदार, देवराज सिदार नायब तहसीलदार, रामप्रसाद सिदार, मंडी सचिव अकलतरा, गणेश राम सिदार नायब तहसीलदार, दलवीर सिदार उप कोषालय अधिकारी बिलाईगढ, राकेश कुमार सिदार मत्स्य निरीक्षक,डां कल्पना बरिहा चिकित्सा अधिकारी, डॉ. प्रवीण सिदार, डॉ. योगेश बरिहा, सुनील पैकरा उप अभियंता भटगांव, सहित सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

बिलाईगढ़ जिले के आंबा केंद्रों में 3 से शुरू होगा न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ कलेक्टर की नई पहल

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू की नई पहल से जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनभागीदारी को बढ़ावा आएगा। अब न्योता भोज कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतिमाह में कम से कम एक दिन 'न्योता भोज' आयोजित किए जायेंगे।इसकी शुरुआत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 3 सितंबर को होगा।

न्योता भोज कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत एवं वार्ड क्षेत्र के नागरिक विभिन्न अवसरों जैसे जन्मदिन, सामुदायिक दिवस, विवाह, त्योहार एवं अन्य स्थानीय आयोजनों पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। इसके अलावा फल, प्रोटीनयुक्त खाद्य सामग्री, खिचड़ी, पूरी, चोकर, हलवा आदि पौष्टिक खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जा सकती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के आहार में विविधता लाते हुए उन्हें अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में किसी प्रकार की राशि या खाद्य सामग्री का योगदान स्वैच्छिक होगा तथा इसे जनभागीदारी के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ- साथ समाज की सहभागिता को मजबूत करने और पोषण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

ज्ञानोदय हिरमी विद्यालय में रोपा गया अंजीर का पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ज्ञानोदय हिरमी विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में अंजीर का पौधा रोपित किया गया। पौधरोपण के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा ने पौधारोपण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिलेश्वर मढ़रिया ने अंजीर के पौधे की उपयोगिता और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंजीर न केवल एक पौष्टिक फल है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इस अवसर पर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए श्यामसुंदर, पंकज, नीरज, धर्मेंद्र, अजय, हरीश, सीमा वर्मा, इन्दूरानी, शैल, टाकेश्वरी और रमा मढ़रिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने रोपे गए पौधे की सुरक्षा और उसकी उचित देखभाल का संकल्प लिया।

आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रेम नारायण नायक ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में पदस्थ वाणिज्य व्याख्याता प्रेम नारायण नायक ने भारत सरकार के 'आई गॉट कर्मयोगी' डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और सीखने की लगन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। श्री नायक ने कर्मयोगी कोर्स में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि नवा रायपुर स्थित महानदी भवन (मंत्रालय) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री विकासशील द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। अप्रैल 2026 से अगस्त 2026 के बीच श्री नायक ने निरंतर अध्ययन करते हुए 1,000 से भी अधिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किए। इस अवधि के दौरान उन्होंने 950 से अधिक सीखने के घंटों का उपयोग कर 8,000 से अधिक 'कर्मा पॉइंट्स' अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में ही श्री नायक ने आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध कुल 145 पाठ्यक्रमों को एक साथ पूर्ण कर यह मुकाम हासिल किया था। उन्होंने कुल पूर्ण पाठ्यक्रमः1,000,अधिनिर्णित कर्मा पॉइंट्सः 8,000 एवं कुल अधिगम 950 घंटे अर्जित किया है। श्री प्रेम नारायण नायक की इस उपलब्धि से न केवल सिमगा विकासखंड बल्कि पूरे बलौदाबाजार जिले के शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर है। सहकर्मियों एवं उच्च अधिकारियों ने उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी है।

जिले में 9 सितंबर को विशाल रोजगार मेला, 557 पदों पर होगी सीधी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा शासकीय डीके कॉलेज बलौदाबाजार में 9 सितम्बर 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। इस रोजगार मेले मे लगभग 557 पदों पर विभिन्न निजी नियोजकों द्वारा नियुक्ति दी जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के नियोजक अमित एजेंसी बलौदाबाजार द्वारा कम्प्युटर ऑपरेटर के 3 पद, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 4 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, डीसीए एवं उच्च, उम्र 18 से 30 वर्ष, अनुभव 0 से 1 वर्ष, वेतन पदानुसार 8 हजार से 15 हजार रूपये देय एवं कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। कनिका आटोमाबाईल प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा रोल्स एग्जीक्यूटिव के 7 पद तकनीशियन के 2, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई उम्र 18 से 35 वर्ष अनुभव 0-1 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, पलारी, सिमगा होगा। भारतीय जीवन बीमा बलौदाबाजार द्वारा बीमा राखी के 40 पद, उम्र 23 से 50 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से उच्च, वेतन 7 हजार से 12 हजार रूपए, इन्सेटिव एवं कमिशन कार्यक्षेत्र भाटापारा, बलौदाबाजार, सिमगा होगा। किरण एग्रीकल्वर बलौदाबाजार द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 से 36 वर्ष, अनुभव 0 से 1 वर्ष, वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपए तक कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। आरोहन फायनेंस प्रा. लि. रायपुर द्वारा कस्टमर सर्विसेस के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से उच्च, उम्र 18 से 35 वर्ष, अनुभव 0 से 3 वर्ष, वेतन 15 हजार से 22 हजार 5 सौ रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा.लि. रायपुर द्वारा असिस्टेंट के 150 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से उच्च, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 12 हजार रूपए तक देय होगा। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मेकनिकल इंजीनियर के 10 पद, फिटर के 6 पद, मशीन ऑपरेटर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, उम्र 18 से 40 वर्ष अनुभव 0 से 10 वर्ष, वेतन 12 हजार से 35 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। अलर्ट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 238 पद, असिस्टेंट सुपरवाईजर के 39 पद, सुपरवाईजर के 18 पद, मार्केटिंग के 8 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 3 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से उच्च, उम्र 20 से 50 वर्ष अनुभव से 06 वर्ष, वेतन 15 हजार से 40 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा।

जरूरी शर्तें एवं आवश्यक दस्तावेज

रोजगार मेला में भाग लेने के लिए आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य हैं। इच्छुक आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार एप या वेबसाइट के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन एवं रोजगार के लिए आवेदन कर रोजगार मेला में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति, रोजगार पंजीयन, जाति, निवास, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

तीन शिक्षकों को मिला आचार्य शिरोमणि सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा में पदस्थ शिक्षिका निहारिका तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला टिहूपारा में पदस्थ दुलारी ध्रुव एवं शासकीय माध्यमिक शाला जांगड़ा में पदस्थ नीलकंठ जांगड़े को 30 अगस्त को रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित समारोह में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आचार्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षिका निहारिका तिवारी के शाला शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा को उत्कृष्ट विद्यालय का सम्मान भी प्राप्त हुआ। यह सम्मान रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार, पूर्व सचिव शिक्षा आयोग एन के अग्रवाल, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स सतीश तौरानी एवं संस्थापक शकुंतला फाउंडेशन स्मिता सिंह के हाथों शिक्षिका निहारिका तिवारी, दुलारी ध्रुव एवं नीलकंठ यादव को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों, जनसेवा एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रदान किया गया।

पेज 7 के शेष

गोपाला डेयरी से ...

सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का गंभीर उल्लंघन मानते हुए विभाग द्वारा तत्काल प्रकरण तैयार किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गोपाला डेयरी को लिखित निर्देश जारी कर वैध खाद्य पंजीयन,लाइसेंस बनवाए जाने तक खाद्य कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश दिए गए।

अस्पताल के सामने...

देने के बावजूद जब वे नहीं माने तो स्थिति को देखते हुए पुलिस ने 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार किया और अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में उपकार देवार (43 वर्ष), तुलसी बाई (35 वर्ष) और लोभी देवार (40 वर्ष), सभी वार्ड क्रमांक 15, तिल्दा-नेवरा निवासी शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बंगोली-मुरा मार्ग...

स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा इन भारी वाहनों के वजन, परमिट और आवश्यक दस्तावेजों की तत्काल जांच की जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

मकान और दुकान ...

की छायाप्रति। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किरायेदारों का पुलिस सत्यापन आवश्यक है।

जिला दंडाधिकारी, रायपुर के आदेशानुसार किरायेदार की जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने वाले संबंधित मकान/दुकान मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 एवं धारा 163 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। संबंधित आदेश के उल्लंघन की स्थिति में कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है। थाना खरोरा पुलिस ने क्षेत्र के सभी मकान एवं दुकान मालिकों से अपील की है कि वे 07 दिवस के भीतर अपने किरायेदारों की आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज थाना खरोरा में जमा कराएं तथा पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया में सहयोग करें।



खबर संक्षेप



ग्राम बिनौरी में 15 आवेदनों का किया गया मौके पर निराकरण

पलारी। ग्राम पंचायत बिनौरी में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सुघ्घर छत्तीसगढ़ सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचना। किसान सम्मान निधि की समस्या की आवेदन एवं नरेगा की आवेदन आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड की सब मिलाकर 15 आवेदन का निराकरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच किरण सनकुमार साहू, कृषि विस्तार अधिकारी अर्पना टंडन, सरस्वती साहू सी एचओ, उपसरपंच सुरेश कुमार डहरिया, सचिव हरीश डडसेना, पंच गण अलका टंडन, हेमलता निराला, रोजगार सहायक रामकुमार निराला, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा बंजारे, कोमल चतुर्वेदी, गोकुल यादव, भारत साहू, माखन सेन, तनगु साहू, श्री राम धीवर, दानेश कुमार भतपहरी, चेतन निराला उपस्थित थे।

एएसआई समेत 26 पुलिसकर्मियों का तबादला

रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट में सोमवार को बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने तबादला आदेश जारी करते हुए एक सहायक उपनिरीक्षक एक प्रधान आरक्षक और 24 आरक्षकों को इधर से उधर किया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों और इकाइयों में पदस्थ पुलिसकर्मियों की नई पदस्थापना की गई है। तबादले के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्धारित स्थान पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में शामिल कुल 26 पुलिसकर्मियों में एक सहायक उपनिरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और 24 आरक्षक शामिल हैं। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा जारी आदेश के बाद सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय स्तर पर हुए इस बदलाव के बाद अब नई पदस्थापना वाले पुलिसकर्मियों के कार्यभार संभालने का सिलसिला शुरू होगा। पुलिस विभाग में समय-समय पर प्रशासनिक जरूरतों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तबादले किए जाते हैं। रायपुर कमिश्नरेट में हुए इस फेरबदल से विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती में भी बदलाव होगा। माना जा रहा है कि नई पदस्थापना के बाद संबंधित क्षेत्रों में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

अक्षय निधि घट की तरह आत्मा को भी ज्ञान से भरने का करें पुरुषार्थ



रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्व मंगलमय वर्षावास में आत्म कल्याण की भावना से तप-साधना की श्रृंखला जारी है। 31 अगस्त से मुनिश्री संवेगरत्न सागर आदि थाणा की पावन निश्रा में 16 दिवसीय अक्षय निधि समवशरण विजय कषाय तप का शुभारंभ हुआ। सुबह 8.30 बजे मंगल कलश की स्थापना की गई। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने जिनवाणी का लाभ लिया। धर्मसभा में मुनिश्री संवेगरत्न सागर ने कहा कि 16 दिनों तक चलने वाले इस तप में प्रतिदिन अक्षय निधि घट को भरने के लिए श्रद्धालु आएंगे और उसमें अक्षत व उत्तम द्रव्य अर्पित करेंगे। इसी तरह मनुष्य को अपनी आत्मा रूपी घट को ज्ञान से भरने का पुरुषार्थ करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि आत्मा को ज्ञान रूपी वर्षा से नहीं भिगोया तो तप और साधना का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। ज्ञान के बिना दर्शन की शुद्धि संभव नहीं है। आत्मा को ज्ञान से रंजित किए बिना भव का सुधार नहीं हो सकता।

ईद मिलादुन्नबी पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए युवाओं ने पुलिस का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ईद मिलादुन्नबी पर्व के दौरान शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा, सुगम यातायात और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्लिम समाज के युवाओं ने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का आभार जताया। मंगलवार को पार्षद सलमान शेख, मुस्लिम यंग कमेटी अध्यक्ष आदिल, जुनैद खान एवं इमरान खान के नेतृत्व में युवा प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक गौरव राय से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पर्व के दौरान पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंध, लगातार गश्त और यातायात व्यवस्था की सराहना करते हुए एसपी गौरव राय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। युवाओं ने कहा कि पुलिस की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते शहर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम नागरिकों के आपसी सहयोग से जिले में सभी धार्मिक पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर समाज के इमरान खान, नासिर खान, मोहसिन चौहान, रजा खान, जुनैद खान, अरबाज खान, जुनैद खान, बाबा खान, अमान खान, शाहनवाज खान, साहिल खान, शाहरुख खान, अरशद खान, तन्नी खान, अरशद खान, इरफान चौहान एवं समस्त युवा शामिल हुवे।

युवाओं ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय से सौजन्य मुलाकात की



पुलिस और नागरिकों के बेहतर समन्वय से कायम होगा सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण वातावरण

इस अवसर पर एसपी गौरव राय ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा और जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक पर्व या सार्वजनिक आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में आम जनता और युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण है। पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय से ही सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सकता है।

धान, अरहर और मक्का की फसल पर कीट-रोगों का खतरा, कृषि विभाग ने जारी की एडवायजरी

धान, अरहर एवं मक्का फसल की नियमित निगरानी करें किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कृषि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी कृषि मौसम सलाह के अनुसार आगामी दिनों में आकाश में बादल छाए रहने तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वर्तमान मौसम में खेतों में पर्याप्त नमी एवं अनुकूल वातावरण के कारण धान की फसल में कीट एवं रोगों के प्रकोप की संभावना बढ़ सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा एवं कृषि विभाग, जिला बलौदाबाजार द्वारा जिले के किसानों को अपनी फसलों की नियमित निगरानी करने तथा कीट एवं रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही समय पर वैज्ञानिक एवं अनुशंसित प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। किसानों को विशेष रूप से धान के खेतों में पौधों की पत्तियों, तनों तथा नई बढ़वार का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करने की आवश्यकता है। खेत में एक स्थान पर खड़े होकर फसल देखने के बजाय अलग-अलग स्थानों से पौधों का निरीक्षण करने से कीटों के प्रारंभिक प्रकोप की पहचान आसानी से की जा सकती है। समय रहते कीट की पहचान एवं उचित प्रबंधन करने से अनावश्यक कीटनाशक उपयोग से बचते हुए फसल को संभावित नुकसान से सुरक्षित रखा जा सकता है।

लक्षणों को भी नजर अंदाज न करें

धान में तना छेदक कीट भी फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। इस कीट की सूंडी पौधे के तने में प्रवेश कर अंदर के भाग को नुकसान पहुंचाती है। प्रकोप के कारण प्रभावित पौधों के तने अथवा केंद्रीय भाग सूखने जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेत का निरीक्षण करते समय केवल पत्तियों पर ही नहीं, बल्कि पौधों के तनों एवं प्रभावित पौधों के लक्षणों पर भी ध्यान दें। यदि खेत में सूखे हुए केंद्रीय तने अथवा तना छेदक के अन्य लक्षण दिखाई दें तो तत्काल कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार आवश्यक प्रबंधन करें।



पत्ती लपेटक एवं तना छेदक का प्रकोप अधिक होने पर करें अनुशंसित छिड़काव: यदि धान की फसल में पत्ती लपेटक एवं तना छेदक कीट का प्रकोप अधिक दिखाई दे, तो कृषि मौसम सलाह के अनुसार किसानों को कार्टाप हाइड्रोक्लोराइड 50 डब्ल्यू.पी.1 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 150 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है।छिड़काव करते समय किसान यह सुनिश्चित करें कि दवा का घोल फसल पर समान रूप से पहुंचे। दवा की मात्रा अनुशंसित मात्रा से अधिक न करें और किसी भी कीटनाशक का प्रयोग लेबल अथवा कृषि विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही करें।

आर्मीवर्म पर रखें विशेष नजर

मक्का की फसल में फॉल आर्मीवर्म (फॉल सैनिक कीट) का प्रकोप होने पर इसकी सूंडियां मुख्यतः नई एवं कोमल पत्तियों तथा पोंगली में छिपकर भोजन करती हैं। प्रारंभिक अवस्था में पत्तियों पर छोटे-छोटे छिद्र, खुरची हुई सतह तथा कतारनुमा छेद दिखाई देते हैं। प्रकोप बढ़ने पर पोंगली में कीट का मल जमा दिखाई दे सकता है तथा नई पत्तियां खुलने पर उनमें अनियमित छिद्र दिखाई देते हैं। इस कीट के लक्षण दिखने पर एमामेक्टिन बेंजोएट 0.4 ग्राम/लीटर या (250-300 मी.ली./500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर) या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.3 मी.ली./लीटर (150 मी.ली./500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर) की दर से छिडकाव करें।

पत्ती लपेटक कीट की पहचान और समय पर प्रबंधन आवश्यक

धान में पत्ती लपेटक कीट का प्रकोप होने पर इसकी सूंडियां पत्तियों को लंबाई में मोड़कर अथवा लपेटकर उनके भीतर छिप जाती हैं। इसके बाद सूंडियां पत्ती के हरे भाग को खुरचकर खाती हैं। प्रभावित पत्तियों पर सफेद धारियां अथवा झिल्ली जैसे लंबे निशान दिखाई देने लगते हैं। खेत में दूर से देखने पर कई पत्तियां मुड़ी हुई या लिपटी हुई दिखाई दे सकती हैं। अधिक प्रकोप होने की स्थिति में पत्तियों का हरा भाग प्रभावित होने से पौधों की प्रकाश संश्लेषण क्षमता कम हो सकती है। इसका सीधा प्रभाव पौधों की सामान्य वृद्धि एवं विकास पर पड़ सकता है और गंभीर प्रकोप की स्थिति में उपज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है। अतः किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खेत में नियमित रूप से पत्तियों के लिपटे हुए हिस्सों की जांच करें। विशेष रूप से खेत के विभिन्न स्थानों से पौधों का निरीक्षण कर यह देखें कि कितनी पत्तियां लिपटी हुई हैं और उनमें सूंडी सक्रिय है या नहीं। प्रारंभिक अवस्था में प्रकोप की पहचान होने पर कीट की संख्या बढ़ने से पहले ही आवश्यक प्रबंधन उपाय अपनाना अधिक प्रभावी होता है। किसानों को यह भी सलाह दी गई है कि बिना कीट प्रकोप अथवा आवश्यकता के कीटनाशक का छिड़काव न करें। खेत में वास्तविक प्रकोप का आकलन करने के बाद ही अनुशंसित कीटनाशक का उपयोग किया जाए।

अरहर की फसल में तना अंगमारी (स्टेम ब्लाईट) पर रखें नजर

जिले में अरहर की फसल लेने वाले किसानों को भी खेतों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी गई है। इस रोग के प्रकोप में मुख्यतः पौधे का तना प्रभावित होता है। प्रारंभिक अवस्था में तने पर भूरे से गहरे भूरे रंग के धब्बे अथवा घाव दिखाई देते हैं। रोग बढ़ने पर ये धब्बे फैल सकते हैं और प्रभावित तने का भाग सूखने लगता है। गंभीर प्रकोप की स्थिति में तने के प्रभावित भाग के ऊपर की पत्तियां पीली पड़कर मुरझा सकती हैं तथा पौधे का ऊपरी भाग सूख सकता है। अधिक संक्रमण होने पर पौधों की सामान्य वृद्धि प्रभावित होती है और पौधे कमजोर दिखाई देते हैं। किसानों को सलाह दी जाती है तना अंगमारी रोग के प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था में ताम्रयुक्त कवकनाशी (2.5 ग्राम/ली. पानी) या मेटालेक्सिल एम.जेड. (1.5 ग्राम/ली. पानी) का छिंडकाव 10-12 दिन के अंतराल पर डॉ से तीन बार उपयोग करने से रोग की रोकथाम की जा सकती है।

जिला स्तर के लिए चयन

कराटे प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन मयूर स्कूल भाटापारा में हुआ जहां भाटापारा के अलग-अलग स्कूलों के कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। उक्त आयोजन में शाश्वत लिटिल स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल सिंगारपुर भाटापारा, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी स्कूल ,मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल ,मयूर क्लब भाटापारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल,शिवलाल मेहता, स्वामी आत्मानंद करही बाजार स्कूल एवं विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अन्य स्कूलों से भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कराते में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ चयनित खिलाड़ी 3 सितंबर को होने वाले जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाटापारा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतियोगिता विकासखंड खेल अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

- विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

सफल आयोजन में इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता के सफल संचालन में कराते खेल के संयोजक आलोक गुप्ता एवं विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों के साथ साथ जिला कराते संघ महासचिव ऋषभ सिंह चौहान, चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सचिव नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, सह सचिव हर्ष देवांगन महेश राजपूत, धनंजय पांडे, भानु देवांगन, प्रवीण मोहले, मोहन वर्मा, हेमलता साहू, गुलाब साहू, का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल विभाग जिला कराते संघ और चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी भाटापारा के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा को सफल बनाने में सभी का उच्च सहयोग रहा। उक्त प्रतिस्पर्धा के दौरान विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी योगेश कटारिया क्रीडा शिक्षक, चंद्रकांत बांगडे, उमा प्रसाद राठौर, दिनेश साहू ,शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सिंगारपुर से निर्मला पाटले मैडम, मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल से श्वेता मिश्रा मैडम मौजूद रहे।

खरोरा की व्याख्याता नीतू यादव लेंगी आरआईई भोपाल में राष्ट्रीय प्रशिक्षण

खरोरा। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा की वाणिज्य व्याख्याता नीतू यादव का राष्ट्रीय स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच के लिए चयन हुआ है। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण 7 से 11 सितंबर 2026 तक भोपाल स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में आयोजित होगा। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए नीतू यादव 6 सितंबर को रायपुर से भोपाल रवाना होंगी। प्रशिक्षण में वाणिज्य विषय के प्रभावी अध्यापन, अनुभवात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल टूल्स के उपयोग, वित्तीय साक्षरता, आधुनिक मूल्यांकन पद्धतियों तथा कक्षा में नवाचारों के प्रयोग पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। इसका उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने नीतू यादव के चयन को विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और वाणिज्य शिक्षा को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर सहित विद्यालय के व्याख्याताओं, शिक्षकों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने नीतू यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रशिक्षण की कामना की।



शिक्षक दिवस पर विधायक इंद्र साव करेंगे शिक्षकों का सम्मान

भाटापारा। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. केआर साव सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक की स्मृति में स्थानीय कुर्मी बोर्डिंग मंडी रोड में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है,इस दौरान केबीसी में 50 लाख रु० जीतकर भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान युवक योगेश साहू का विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। विदित हो कि स्व. केआर साव सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक की स्मृति में शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन उनके सुपुत्र इंद्र साव के सौजन्य से होते आ रहा है। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में 5 सितंबर को कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले एवं उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षक दिवस पर दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने बताया कि इस गरिमा पूर्ण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश अग्रवाल पूर्व सदस्य भवन एवं अन्य सनिर्माण कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ शासन, सुशील शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा, रोशन हबलानी पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी छत्तीसगढ़ शासन एवं आलोक मिश्रा पूर्व सदस्य श्रम कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सम्मानित होने वाले शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।



डीएवी स्कूल की बेटियों का जलवा, अंडर 14 योग टीम नेशनल के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया की अंडर-14 बालिका योग टीम ने जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। एसईसीएल कुसमुंडा, कोरबा में आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की पाँच छात्राओं काव्या साहू, अदिति साहू, पूर्वी साहू, श्रद्धा देवांगन एवं निव्या साहू ने योग की टीम स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर पाँचों छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

इसके साथ ही काव्या साहू का योग की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। काव्या ने व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय लौटने पर सभी चयनित विद्यार्थियों का शिक्षकों एवं साथी विद्यार्थियों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। छात्राओं की इस उपलब्धि में खेल शिक्षक अनिल कुमार एवं शिक्षिका मनीषा निराला का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

उनके निरंतर प्रयास एवं मार्गदर्शन से छात्राओं ने जोनल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई। प्रभारी शिक्षक मनोज कुमार रात्रे ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

ग्राम करमदा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम

डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के तहत चल रहे साइबर जागृति अभियान के तीसरे सप्ताह में मंगलवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम करमदा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।पुलिस ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल को लेकर लोगों को सतर्क किया। बताया गया कि साइबर ठग पुलिस, सीबीआई, ईडी या ट्राई अधिकारी बनकर अवैध पार्सल, केस या गिरफ्तारी का डर दिखाकर वीडियो कॉल पर लोगों को धमकाते हैं और पैसों की मांग करते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से पूछताछ कर रकम जमा करने के लिए नहीं कहती। ग्रामीणों को ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने तथा लॉटरी, लोन अप्रूवल या अन्य संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई।

पुलिस ने अभियान से जुड़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर 'जागरूकता की एक सेल्फी' लेने और सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करने या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

